BIHAR BOARD CLASS–XII

2018

SUBJECT- HINDI

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न-संख्या 1 से 50 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपनी द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR शीट पर चिन्हित करें।

1. बालकृष्ण भट्ट किस काल के रचनाकार है?

(A) आदिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल

(D) आधुनिक काल

2. 'उसने कहा था किस वर्ष की रचना है ?

(A) 1915

(B) 1920

(C) 1922

(D) 1925

3. 'संपूर्ण क्रांति' का नारा किसने दिया था ?

(A) दिनकर

(B) जयप्रकाश नारायण

(C) मोरार जी देसाई

(D) इनमें से कोई नहीं

4. 'अर्द्धनारीश्वर' किसकी रचना है ?

(A) दिनकर

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) मलयज

(D) मोहन राकेश

5. 'रोज' कहानी की नायिका कौन है ?

(A) मालती

(B) कलावती

(C) सुनीता

(D) रागिनी

6. 'एक लेख और एक पत्र के लेखक हैं.

(A) सुखदेव

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) भगत सिंह

(D) राजगुरु

7. इनमें से कौन सी रचना जगदीशचन्द्र माथुर की है ?

(A) बातचीत

(B) ओ सदानारा

(C) तिरिछ

(D) हँसते हुए मेरा अकेलापन

8. 'सिपाही की माँ के रचनाकार हैं.

(A) भगत सिंह

(B) दिनकर

(C) अज्ञेय

(D) मोहन राकेश

9. 'जूठन' क्या है ?

(A) रेखाचित्र

(B) शब्द-चित्र

(C) कहानी

(D) आत्म कथा

10. 'हँसते हुए मेरा अकेलापन' किस विधा की रचना है ?

(A) निबंध डायरी

(B) डायरी

(C) लघु कथा

(D) नाटक

11. इनमें से 'प्रेम की पीर के कवि है?

(A) जायसी

(B) नाभादास

(C) सूरदास

(D) कबीरदास

12. सूरदास किस भाषा के कवि हैं?

(A) संस्कृत

(B) ब्रजभाषा

(C) अवधी

(D) मैथिली

13. तुलसीदास का बचपन का नाम क्या था?

(A) रामबोला

(B) श्यामबोला

(C) हरिबोला

(D) शिवबोला

14. नाभादास के दीक्षा गुरु कौन थे ?

(A) नरहरिदास

(3) स्वामी अग्रदास

(C) वल्लभाचार्य

(D) रामानुजाचार्य

15. भूषण को 'भूषण' की उपाधि किसने दी थी.

(A) छत्रपति शिवाजी ने

(B) महाराजा छत्रसाल ने

(C) राजा रूद्रसाह ने

(D) औरंगजेब ने

16. 'तुपूल कोलाहल कलह में किसी रचना है ?

(A) दिनकर

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) अज्ञेय

(D) रघुवीर सहाय

17. 'पुत्र-वियोग' किसकी रचना है ?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान

(B) रघुवीर सहाय

(C) अज्ञेय

(D) अशोक वाजपेयी

18. 'दूसरा सप्तक' का प्रकाशन वर्ष है

(A) 1950

(B) 1951

(C) 1952

(D) 1954

19. मुक्तिबोध का जन्म-स्थल है

(A) बिहार

(B) दिल्ली

(C) छत्तीसगढ़

(D) पंजाब

20. 'अधिनायक' किस कवि की रचना है?

(A) रघुवीर सहाय

(B) मुक्तिबोध

(C) अज्ञेय

(D) नागार्जुन

21. 'वार्तालाप का संधि-विच्छेद है

(A) वात + आलाप

(B) वार्ता + आलाप

(C) वार्ता + लाप

(D) वातः + लाप

22. 'नायक' का संधि-विच्छेद है

(A) ने + अक

(B) नै + अक

(C) निः+ अक

(D) ना + यक

23. 'अन्वेषण' का संधि-विच्छेद है

(A) अन + एषण

(B) अन घण

(C) अनु+ एषण

(D) अनु + घण

24. बिंगम का संधि-विच्छेद है

(A) उद् + गम

(B) उत् + गम

(C) उत अगम्

(D) उद अगम्

25. 'निश्चलका का संधि-विच्छेद है

(4) नि + चल

(B) नि: + चल

(C) निशा + चल

(D) नि+ अचल

26. लुटेरा' में कौन-सा प्रत्यय है?

(A) रा

(B) टेरा

(C) एरा

(D) आ

27. 'अज्ञान' में कौन-सा उपसर्ग है?

(A) अज्ञ

(B) अन

(C) अ

(D) आ

28. 'राजकुमार' कौन-सा समास है?

(A) कर्मधारय

(B) तत्पुरुष

(C) बहुब्रीहि

(D) द्वंद्व

29. 'दाल-रोटी' के समास का नाम बताएँ।

(A) तत्पुरुष

(B) द्विग

(C) द्वंद्व

(D) बहुब्रीहि

30. 'घनश्याम कौन-सा समास है?

(A) कर्मधारय

(B) द्विगु

(C) कर्मधारय

(D) तत्पुरुष

31. 'चौराहा' कौन-सा समास है?

(A) द्वंद्व

(B) दिगु

(C) कर्मधारय

(D) तत्पुरुष

32. 'पीताम्बर कौन-सा समास है?

(A) द्विगु

(B) बहुब्रीहि

(C) कर्मधारय

(D) तत्पुरुष

33. पय का पर्यायवाची शब्द

(A) दूध

(B) पाप

(C) सोना

(D) तालाब

34. 'अनुराग' का विलोम है

(A) राग

(B) विराग

(C) वैराग्य

(D) प्रेम

35. 'अथ' का विपरीतार्थक शब्द है

(A) अच्छा

(B) आदि

(C) उदय

(D) इति

36. 'कृष्ण' का विलोम है

(A) काला

(B) सफेद

(C) शुक्ल

(D) उजला

37. स्थावर' का विलोम है

(A) स्थिर

(B) जंगम

(C) सरल

(D) बड़ा

38. ‘नर’ का विपरीतार्थक शब्द है

(A) पुरुष

(B) व्यक्ति

(C) धनी

(D) नारी

39. 'स्तुति' का विलोम है

(A) निन्दा

(B) शिकायत

(C) घृण

(D) द्वेष

40. संध्या' का विलोम है

(A) प्रात

(B) प्रातः

(C) निशा

(D) रात्रि

41. शिव का उपासक कहलाता है

(A) शिवम्

(B) शैव

(C) शिवत्व

(D) शंकर

42. 'अपने पैरों पर खड़ा होना मुहावरे का अर्थ है

(A) दूर जाना

(B) स्वावलंबी होना

(C) प्रिय होना

(D) सुंदर होना

43. 'आसमान छूटना' मुहावरे का अर्थ है

(A) कष्ट होना

(B) अचानक मुसीबत आना

(C) दुर्लभ होना

(D) दुःखी होना

44. 'घाट घाट का पानी पीना' मुहावरे का अर्थ है

(A) प्यास लगना

(B) बहुत अनुभवी होना

(C) मूर्ख होना

(D) अनपढ़ होना

45. 'त्राहि-त्राहि करना मुहावरे का अर्थ है

(A) बहुत दुःखी

(B) रोना

(C) नाराज होना

(D) क्रोध करना

46. 'स्वर्ण' का विशेषण है

(A) स्वर्णाभ

(B) स्वर्णिम

(C) स्वर्णकार

(D) सुवर्ण

47. 'जगत' का विशेषण है,

(A) जागना

(B) जगदीश

(C) जागतिक

(D) जग

48. 'दिन' का विशेषण है.

(A) सुदिन

(B) दैनिक

(C) दिनभर

(D) दिनेश

49. 'अरण्य' का समानार्थी (पर्यायवाची) है

(A) विपिन

(B) वपु

(C) रश्मि

(D) विटप

50. 'तलवार' शब्द का विलोम है

(A) चन्द्र

(B) सायक

(C) तुंग

(D) प्रभा

## खण्ड-ब (विषयनिष्ठ)

1. किसी एक पर निबंध लिखें-

(क) दहेज प्रथा

(ख) नशा मुक्ति

(ग) प्रिय कवि

(घ) पर्यावरण

(ङ) छात्र और अनुशासन

2. संप्रसंग व्याख्या करें-

(क) जिस पुरुष में नारीत्व नहीं, अपूर्ण है।

अथवा,

बिना फेरे घोड़ा बिगड़ता है और बिना लड़े सिपाही ।

(ख) जहाँ मरू ज्वाला धधकती
चातकी कन को तरसती
उन्हीं जीवन घाटियों की
मैं सरस बरसात रे मन

अथवा,

राष्ट्रगीत में भला कौन वह
भारत भाग्य विधाता है
फटा सुथन्ना पहने जिसका
गुन हरचरना गाता है।

3. अपने पिता के पास पत्र लिखें जिसमें किसी पर्यटन स्थल का वर्णन करें।

अथवा,

अपने प्रधानाचार्य को आवेदन लिखते हुए यह निवेदन करें कि पुस्तकालय में हिन्दी की पत्रिका मँगवायी जाएँ।

4. निम्न प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर 50-70 शब्दों में दें-

(i) लहना सिंह ने बोधा के प्रति किस त्याग का परिचय दिया था ?

(ii) जयप्रकाश नारायण किस प्रकार का नेतृत्व देना चाहते थे?

(iii) भगत सिंह के अनुसार देश को कैसे युवकों की आवश्यकता है?

(iv) नामवर सिंह किन कविताओं को श्रेष्ठ मानते हैं?

(v) तुलसी ने 'अम्ब' कहकर किसको संबोधित किया है और क्यों ?

(vi) कबीर विषयक छप्पय में नाभादास ने कबीर के बारे में क्या कहा है?

(vii) अशोक वाजपेयी रचित 'हार-जीत' कविता का केन्द्रीय भाव क्या है?

(viii) हरिचरण को हरचरना क्यों कहा गया है ?

5. निम्न प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर 150-250 शब्दों में दें-

(i) लहना सिंह का चरित्र-चित्रण करें।

(ii) 'अर्द्धनारीश्वर' में व्यक्त विचारों का सारांश लिखें।

(iii) 'सिपाही की माँ' की कथा-वस्तु प्रस्तुत करें।

(iv) सुभद्रा कुमारी चौहान की रचना 'पुत्र-वियोग' का सारांश लिखें।

(v) 'जन-जन का चेहरा एक' कविता का केन्द्रीय विषम क्या है?

(vi) 'प्यारे नन्हें बेटे को' कविता का सारांश लिखिए।

6. संक्षेपण करें-

ज्ञानी लोग प्रायः मौन साधना इसलिए किया करते हैं कि उनकी जिव्हा से कभी आवेश में या उत्तेजना में अचानक कोई ऐसा कुवाक्य न निकल जाए, जिससे संसार को मुँह दिखाने में शर्म मालूम पड़े और उस समय ज्ञान एवं विद्वत्ता के होते हुए भी हम अपने को सुखी न कर सकें। जितनी मौन साधना की जाएगी, उतनी ही अधिक वाणी को सद्गति प्राप्त होगी

तथा आत्मा को विश्व-तोषिणी शांति मिलेगी। प्राचीन भारत के ऋषि-मुनि निर्जन विपिन में वर्षों तक कौन-साधना करके आत्मा के लिए दृढ़ चरित्र और जिव्हा के लिए शीतल अमृत वाणी उपलब्ध करते थे।